कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 15.12.2022

// रिपोर्ट //

गर्ल्स कॉलेज में

फैशन डिजाईनिंग पर वैल्यु एडेड कोर्स प्रारंभ

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गृहविज्ञान विभाग द्वारा **''बेसिक एण्ड फाऊण्डेशन ऑफ फैशन एण्ड अपारेल मेकिंग''** तथा **''बेसिक एण्ड फण्डामेन्टल्स ऑफ ब्यूटी एण्ड ग्रूमिंग''** दो वैल्यु एडेड कोर्स आरम्भ किये गये।

उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने कोर्स के संबंध में बताया कि वर्तमान में युवाओं में सुंदरता, फैशन जैसे क्षेत्रों में कॅरियर बनाने का अधिक क्रेज दिख रहा है। इसलिये यहाँ रोजगार बढ़ाने के लिये ग्लोबल स्तर की स्किलिंग और ट्रेनिंग के लिये यह कोर्स प्रारंभ किये गये है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि फैशन का क्षेत्र विश्वस्तरीय व्यावसायिक गुणवत्ता का है जिसमें प्रतिस्पर्धा के साथ ही कॅरियर का अच्छा स्त्रोत भी है। वर्तमान में शिक्षा प्रणाली कौशल विकास से जुड़ी हुई है जिसमें डिग्री के साथ–साथ कौशल विकास भी आवश्यक है। रोजगार के बहुत से अवसर केवल कौशल पर ही उपलब्ध होते है। फैशन डिजाईनिंग भी एक ऐसा कॅरियर से जुड़ा क्षेत्र है जिसमें छात्राओं को रोजगार के अवसर आसानी से उपलब्ध होते है। इस प्रकार के सर्टिफिकेट कोर्स विद्यार्थियों के हित में प्रारम्भ किये गये है जिसका वे लाभ उठावें।

मुख्य अतिथि फेमिना मिस इंडिया 2021–22 की रनर अप सुश्री जुही व्यास ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के शिखर पर पहुँचने के लिये संघर्ष और प्रयास किया जाना चाहिये। उन्होनें बहुत सारे उदाहरण देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

आईएनआईएफडी भिलाई की संचालक सुश्री रीना खण्डेलवाल ने फैशन डिजाईन के कपड़ों और एक्सेसरीज डिजाईन तथा सौंदर्य को साकार करने की कला पर प्रकाश डाला।

आईएनआईएफडी के द्वारा उभरते हुए डिजाईनर्स द्वारा निर्मित डेनिम वस्त्रों की प्रदर्शनी अत्यन्त सराहनीय रही। सुश्री मोनिका पारेख ने स्टार्टअप–एन्ट्रोप्रेन्योरशिप और प्रबंधन की जानकारी दी।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्रायें उपस्थित थी।

डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल ने स्वागत एवं डॉ. तोशिना तेलंग ने आभार व्यक्त किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

<u>गर्ल्स कॉलेज में</u>

फैशन डिजाईनिंग पर वैल्यु एडेड कोर्स प्रारंभ